तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 4.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,16 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### बाल विवाह न करने के लिए किया जागरुक

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा सुरक्षित भारत अभियान के तहत राजकीय उच्च विद्यालय नंबर 7 अंबाला शहर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमडीडी ऑफ इंडिया एवीएससी अजय तिवारी मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी अतुल उर्फ रमन को गिरफ्तार किया है। बिजंलपुर के कुश कुमार ने 13 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 दिसंबर 2023 को आरोपी अतुल व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### विद्यामंदिर क्लासेस कराएगा परीक्षा टेस्ट

**पानीपत।** मेधावी छात्रों को आर्थिक रिवॉर्ड देने के मकसद से विद्यामंदिर क्लासेस हर साल इंटरनेशनल इंसेंटिव टेस्ट कराता है। इस साल के टेस्ट की तारीखों का ऐलान भी कर दिया गया है। ये टेस्ट 17, 23 और 24 दिसंबर 2023 को आयोजित होंगे। यह जानकारी विद्यामंदिर क्लासेस के चीफ एकेडमिक ऑफिसर सौरभ कुमार ने दी।

### निकॉन इंडिया का नया एक्सपीरियंस जोन लांच

**पानीपत।** निकॉन इंडिया ने आज पानीपत में अपने नए एक्सपीरियंस जोन का उद्घाटन किया। निकॉन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सज्जन कुमार ने इसका उद्घाटन किया। यह निकॉन के मौजूदा अत्याधुनिक एक्सपीरियंस जोन की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस नए एक्सपीरियंस जोन के खुलने से ग्राहक अब आसानी से निकॉन के प्रोडक्ट्स की संपूर्ण रेंज तक पहुंच सकेंगे।







# ब्रह्मसरोवर के तट पर हो रहे लघु भारत के दर्शन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की प्रस्तुति से समा बांध रहे

हरिभूमि न्यूज:कुरुक्षेत्र



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर ब्रह्मसरोवर का तट देश की सांस्कृतिक विरासत को एक ही जगह पर देखकर महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को लघु भारत के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक जगह पर एकत्रित करके यह महोत्सव अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस तट पर देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छठा बिखेर रहे हैं और देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपनी कलाओं के जरिए लोगों को आकर्षित करने का कार्य कर रहे हैं। इस सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने और पवित्र ग्रंथ गीता की नगरी को देखने के लिए रोजाना काफी संख्या में पर्यटक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच रहे हैं। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उतराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मृध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्या, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संभालपूरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, ढेरु गाथा गायन आदि की शानदार प्रस्तुति दे रहे हैं।

इसके साथ-साथ पंजाब का बाजीगर ग्रुप भी पर्यटकों को अपने मोहपाश में बांधने का काम कर रहा है। महोत्सव में जहां पर्यटकों प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को देखने का मौका मिल रहा है, वहीं देश के विभिन्न राज्यों और प्रदेश के जिलों से आए शिल्पकारों की शिल्पकला को देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है। इन पर्यटकों के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से पुख्ता इंतजाम भी किए गए है। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह व राजेश बस्सी ने कहा कि अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव के लिए विभिन्न प्रदेशों के बेहतरीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है शुक्रवार को दूसरा ग्रुप वापिस चला गया है और नए कलाकारों का तीसरा ग्रुप महोत्सव में पहुंच चुका है। यह कलाकार 19 दिसंबर तक महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे और इसके बाद 20 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चौथा ग्रुप महोत्सव में पहुंचेगा। यह कलाकार कुरुक्षेत्र और आसपास के तीर्थों पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। यह शिल्प और सरस मेला 24 दिसंबर तक चलता रहेगा और पर्यटक इस महोत्सव में पहुंचकर शिल्पकारों की शिल्पकला और विभिन्न प्रदेशों के लोक नृत्य का आनंद उठा सकते हैं।

### ढोल-नगाड़ों, बीन-बांसुरी पारंपकि वाद्य यंत्रों से गुंजायमान हुआ ब्रहमसरोवर का तट

हरियाणा की धर्म नगरी कहे जाने वाले कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर पर 24 दिसंबर 2023 तक चलने वाला अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ढोल-नगाड़ों, बीन-बांसुरी जैसे पारम्परिक वाद्य यंत्रों से गुंजायमान हो चुका है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों के द्वारा दी जा रही प्रस्तुति जहां आकर्षण का केंद्र बन रही है, वहीं दूसरी ओर कलाकारों की मनमोहक अदाओं ने पर्यटकों का दिल जीत लिया है। महोत्सव में अबकी बार गीता महोत्सव में मां वैष्णो देवी दरबार और केदारनाथ मंदिर दर्शकों के लिए उत्साह का केंद्र बना हुआ है। अलग अलग राज्यों से आए हुए शिल्पकारों ने अपनी कला के माध्यम से सभी का मन मोह लिया है। जिसमें किशन गढ़ से आए हुए हस्तकला पेंटर हो या बिहार की मधुबनी चित्रकारी, सभी वस्तुएं अपने आप में अदभुत है। हर शिल्पकार की अपनी एक कला है, वो कला जो भारत देश के गौरवशाली इतिहास को बयान करती है। चाहे वो बनारसी साड़ी हो या तेलंगाना का देसी खानपान, मुंबई की भेल हो या राजस्थान के बूंदी से आए कलाकार, हर कोई अपनी कला में माहिर है। भारत की इस विरासत, शिल्पकारी, कलाकारी और संस्कृति को देखने के लिए देश-विदेश के लाखों कलाकार हजारों किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के उपरांत अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव में पहुंचते है।



### लोक नृत्य ने विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं के कराए दर्शन



गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर देश की संस्कृति के अहम पहलुओं से रुबरु करवाने का काम किया जा रहा है। इन लोक कलाकारों ने भगवान की आराधना के साथ-साथ विभिन्न त्यौहारों पर गाए जाने वाले गीतों और नृत्य के दौरान महिलाओं के मन में उठने वाली उमंग को दशार्ने का काम किया गया। महोत्सव के 9वें दिन शुक्रवार को ब्रहमसरोवर के विभिन्न घाटों पर पर्यटकों का मनोरंजन करने के लिए उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कलाकारों ने अपना मंच जमाया है। राजस्थान से इस ग्रुप के कलाकार विशेष तौर पर कच्ची घोड़ी लोक नृत्य को लेकर आए इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी पर्यटकों का मन अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। कलाकारों ने परम्परागत वेशभूषा और हाथों में राजस्थानी परम्परा के अनुसार चूड़ा पहन कर जबरदस्त प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के बाद इस उत्सव में अन्य राज्यों के कलाकारों ने लोक नृत्य की प्रस्तुती दी। हिमाचल के लोक कलाकारों ने पूजा और धट नृत्य के माध्यम से पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया और हिमाचल का ग्रामीण जीवन स्तर भी दशार्ने का प्रयास किया। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह व राजेश बस्सी ने कहा कि विभिन्न राज्यों के कलाकार इस महोत्सव में सालों से लोगों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं। विभाग का प्रयास रहता है कि हर वर्ष कुछ न कुछ नया किया जाए ताकि दर्शक सरस और शिल्प मेले के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी खूब आनंद ले सकें।

### कश्मीरी काहवा की भीनी-भीनी महक का स्वाद ले रहे पर्यटक



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रहमसरोवर का पावन तट जहां देश की संस्कृति को प्रदर्शित करने का मुख्य मंच बना हुआ है, वहीं विभिन्न प्रदेशों के खान-पान का भी यहां पर सहजता से मजा लिया जा सकता है। इन खान-पान के व्यंजनों के बीच में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से आई फातिमा और उनके पिता फारुक अपने साथ कश्मीर का मुख्य पेय कश्मीरी काहवा लेकर महोत्सव में पहुंचे है। इस कश्मीरी काहवा की भीनी-भीनी महक की वजह से महोत्सव में आने वाले पर्यटक उनके स्टॉल पर खींचे चले आते है। फारुक ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि कश्मीरी काहवा एक पेय पदार्थ से कहीं कुछ बढकर है। यह काहवा कश्मीर की संस्कृति, इतिहास और परंपरा का प्रतीक है। महोत्सव के स्टॉल नंबर 297 पर कश्मीरी काहवा को अपने पिता के साथ तैयार करती 9 साल की फातिमा पर्यटकों के स्नेह व आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। फातिमा ने अपनी प्यारी आवाज में बोलते हुए कहा कि जितना वह जानती है कि उनके पिता लगभग 7-8 साल से गीता महोत्सव में आ रहे है। उनके स्टॉल पर कश्मीर के पारम्परिक पेय कश्मीरी काहवा के साथ-साथ सुखे मेवे भी मौजूद है। उनके पिता का यह परिवारिक व्यवसाय है और वह बिना किसी कैमिकल के उपयोग से सुखे मेवों को उपलब्ध करवाने का काम करते है।

### छोटे व्यापारियों को पंख देता महोत्सव



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त शिल्पकार अपनी शिल्पकला को प्रदर्शित कर रहे है, वहीं विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपने-अपने छोटे-छोटे स्वरोजगार चलाने वाले समूहों ने भी अपने स्टॉलों को स्थापित किया हुआ है। इन्ही में स्टॉल नंबर 60 पर अपने आचार के उत्पादों को सजाए हुए है कृष्ण कुमार, जो कि पिछले 15 वर्षों से इस महोत्सव में अपना स्टॉल स्थापित करते आए है। अहम पहलू यह है कि यह महोत्सव छोटे-छोटे शिल्पकारों व स्वयं का रोजगार स्थापित करने वाले लघु उद्यमियों के लिए भी एक मुख्य मंच बनकर सामने आया है और इसके माध्यम से उनके व्यवसाय को खुब बढ़ावा मिल रहा है। कृष्ण कुमार ने बातचीत करते हुए कहा कि उनके स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के आचार और मुरब्बे मौजूद है। उनके पास करीब 26 प्रकार के आचार और 8 प्रकार के मुरब्बे है। इसके साथ-साथ उनके पास विशेष रुप से कच्चे बांस और मशरुम का आचार और स्पेशल बांस का मुरब्बा भी है। उनकी टीम द्वारा देसी तरीके से बिना कैमिकलों का इस्तेमाल करके विभिन्न मसालों के माध्यम से यह आचार तैयार किया जाता है और महोत्सव में आने वाले पर्यटक उनके आचार को बहुत ही चाव से खाते हैं और अपने घर के लिए खरीदकर भी लेकर जाते है। इन आचारों और मुरब्बों का घरेलू स्वाद इनकी पहचान है। ये पूरी तरह से प्राकृतिक और रसायन मुक्त प्रक्रिया से बनाए जाते हैं।

## स्कूल से घर जा रहे छात्र के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

स्कूल के छुट्टी के बाद घर जा रहे 11 वीं कक्षा के छात्र के साथ तीन भाईयों ने मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शांति कॉलोनी निवासी प्रिंस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मॉडल कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल में 11 वीं कक्षा में पढ़ता है। जब वह स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रहा था तो स्कूल के बाहर सिद्धांत ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वह आरोपी से बच कर घर चला गया। शाम को जब वह आजार नगर की गली नंबर चार के पास खड़ा था। इस दौरान आरोप सिद्धांत ने अपने भाईयों विमल व फुलचंद के साथ मिलाकर उसके साथ फिर से मारपीट की। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## इसराना में आगजनी में झोपड़ी जलकर खाक



**इसराना।** इसराना की विश्वकर्मा कॉलोनी में एक झुग्गी में शुक्रवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब आग लगी तब झुग्गी में रहने वाले दम्पती मजदूरी के लिए ईंट भट्ठे पर जा चुके थे। जबकि झुग्गी में दो बेटियां सो रही थी व एक गाय बंधी हुई थी। झुग्गी मालिक सुलेन्द्र व उसकी पत्नी ममता ने बताया कि वे दोनों शुक्रवार सुबह मजदूरी के लिए ईंट भट्ठे पर चले गए थे। कुछ ही देर में उन्हें किसी पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनकी झुग्गी में आग लग गई है। वे दोनों झुग्गी पर आए तो सब कुछ जला हुआ था। आग की तपिस महसूस होने पर गाय रस्सी तुड़ा कर भागी तो दोनों बेटियों की भावना व अंजली की नींद टूटी। दोनों बेटियां भी जान बचा कर झुग्गी से बाहर दौड़ी। जबकि झुग्गी में उनका सारा सामान जल कर राख हो गया। पीड़ित दम्पती ने बताया कि उनके पास न तो सिर छुपाने के लिए झोपड़ी व न ही खाने के लिए अनाज।

## नगर निगम के जेई शुभम अग्रवाल की सेवाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अवैध एरिया को वैध दिखाकर एनडीसी जारी करने के साथ लोगों से दुर्व्यवहार करने का भी आरोप

नगर निगम के जेई शुभम अग्रवाल की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। मेयर शक्ति रानी शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जेई शुभम अग्रवाल की शिकायत भेजी थी। सरकार के आदेश के बाद अब नगर निगम की कमिशनर संगीता तेतरवाल ने शुभम को बर्खास्त कर दिया है। नगर निगम में शुभम अग्रवाल की नियुक्त आउटसोर्सिंग के आधार पर थी। पिछले काफी समय से उसके खिलाफ लगातार मेयर शक्ति रानी शर्मा के पास शिकायतें आ रही थी। मेयर ने सीएम को भेजी शिकायत में बताया कि शुभम अग्रवाल ने अवैध एरिया को वैध दिखाकर निजी फायदे के लिए एनडीसी जारी कर दी। साथ ही उस पर एक पूर्व सैनिक व महिला से भी दुर्व्यवहार करने का आरोप है। एक बार खुद मेयर शक्ति रानी शर्मा जेई शुभम अग्रवाल के कमरे में एक पूर्व सैनिक की शिकायत लेकर गई थी। यहां मेयर के साथ शुभम का रवैये ठीक नहीं था। सोशल मीडिया में भी एक वीडियो इस सिलसिले में वायरल हुआ था। उसमें शुभम अग्रवाल साफ तौर पर मेयर शक्ति रानी शर्मा से उलझता दिख रहा था। इसके बाद ही मेयर शक्ति रानी शर्मा ने शुभम अग्रवाल की शिकायत सीएम मनोहर लाल को भेजी थी। नगर निगम कमशिनर संगीता तेतरवाल ने जेई शुभम अग्रवाल की सेवाएं समाप्त करने की पुष्टि की है।

## उप राष्ट्रपति के महोत्सव में शिरकत को लेकर धारा 144 के तहत आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 17 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में वीवीआईपी के आगमन पर सुरक्षा की दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन/ग्लाइडर इत्यादि हवाई यंत्रों पर प्रतिबंध किया जाना जरुरी है।

जिलाधीश ने जारी आदेशों में कहा कि दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत सुरक्षा की दृष्टि से कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए 17 दिसंबर को वीआईपी मार्ग व उसके आसपास 100 मीटर के दायरा तक सड़क के दोनों तरफ कोई भी वाहन खड़ा ना हो, वीआईपी मार्ग के 100 मीटर की परिधी के क्षेत्र में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, आग्नेय शस्त्र व अन्य किसी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने, खुला पेट्रोल, डीजल की बोतल, कैन पर पूर्णत प्रतिबंध, हैलीपेड स्थल, वीआईपी मार्ग के कार्यक्रम स्थल तथा आसपास ड्रोन/ग्लाइडर उड़ाने, कार्यक्रम स्थल के 500 मीटर के दायरे और मार्गों के दोनों तरफ किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

**उपलब्धि**

### यूके ने संजोली को विश्व की 75 टाप महिलाओं की सूची में किया था चयन

## हरियाणा की बेटी संजोली यूएनओ के साथ पालिसी मेकिंग पर करना चाहती है काम

इससे पहले डायना अवार्ड सहित कई अवार्ड मिल चुके

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- पीएम नरेंद्र मोदी के कारण विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा: संजोली



करनाल। जानकारी देते मिहिर बनर्जी। फोटो: हरिभूमि

सामाजिक कार्यों के साथ युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए यूनाइटेड किंगडम सरकार द्वारा 75 साल में 75 महिलाओं की सूची में स्थान बनाने वाली करनाल की बेटी संजोली बनर्जी का कहना है कि आज देश में युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगाने की जरूरत है। उनका कहना है कि आज समूचा विश्व भारत के युवाओं की तरफ देख रहा हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज मोदी के कारण विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। संजोली ने कहा कि वह यूनाइटेड नेशन के साथ पालिसी मेकिंग के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं। संजोली ने बताया कि विश्व की चयनित 75 महिलाओं में वह सबसे कम उम्र की महिला हैं और हरियाणा से एक मात्र। संजोली ने बताया कि भारत के आजादी के अमृत वर्ष को लेकर यूके की सरकार ने 75 महिलाओं का चयन किया। इन महिलाओं को आज बर्मिंघम पैलेस में ब्रिटेन के किंग चार्लस ने अपने यहां सम्मान समारोह में बुलाया था। इसको लेकर इन महिलाओं के परिचय वाली पुस्तिका प्रकाशित की गई। संजोली ने बतारया कि वह किन्हीं कारणों से यूके नहीं जा सकी। संजोली करनाल के इंग्लिश गुरु मिहिर बनर्जी की बड़ी बेटी है। उनकी दूसरी बेटी भी सेवा के काम में लगी है। बनर्जी सिस्टर करनाल

### आस्ट्रेलिया में एक दिन की सांसद बनी

संजोली ने बताया कि वह आस्ट्रेलिया से समाज सेवा में जी जी की डिग्री कर रही है। इससे पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में पी जी की हैं। वह आस्ट्रेलिया में एक दिन की सांसद बनी। महज पांच साल की उम्र से सेवा के काम में लगी संजोली ने गलोबल वार्मिग, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने, युवाओं को नशा और डिप्रेशन से मुक्ति स्ट्रीट चाइल्ड को पढ़ाने जैसे अभियान में काम कर रही हैं। संजोली ने बताया कि उनकी बहन अनन्या मिल कर काम कर रहे है। उनके पिता मिहिर बनर्जी तथा उनकी मां गगन बनर्जी उनको सहयोग दे रहे हैं। मिहिर बनर्जी ने देश में पहला लोहडी बेटी के नाम कार्यक्रम किया था। दोनों ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व हैं। संजोली को डायना एवार्ड के साथ कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं। करनाल ही नहीं हरियाणा का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रही संजोली की चाहत प्रधानमंत्री के साथ पालिसी मैकिंग के क्षेत्र में काम करने की हैं। वह अब तक प्रधानमंत्री, संयुक्त राष्ट्र संघ आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पीएम को ज्वलंत मुद्दों पर पत्र लिख चुकी हैं।

## नौकरी लगवाने व ठेके दिलवाने के नाम पर 36 लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



नौकरी के नाम पर ठगी करने के आरोपी सुधीर।

- पुलिस ने आरोपी को 6 दिन के रिमांड पर लिया

थाना सेक्टर 13-17 पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगवाने व ठेके दिलवाने के नाम पर विभिन्न लोगों से 36 लाख की ठगी मामले में आरोपी को अंबाला से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुधीर निवासी बसंत विहार दिल्ली हाल किरायेदार सौंधापुर के रूप में हुई। थाना सेक्टर 13-17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी शिकायत में सोनीपत जिला के गांव सनपेड़ा निवासी कृष्ण पुत्र रामेहर ने बताया था कि किसी युवक ने उसको दिल्ली बसंत विहार निवासी सुधीर पुत्र रामशरण से मिलवाया था। तब रामशरण ने स्वयं को रेलवे में बड़े पद पर कार्यरत बताते हुए कहा कि वह उसके दोनों बेटों को रेलवे में नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख मांगे। वर्ष 2018 में सुधीर ने उसको पानीपत जीटी रोड पर स्थित हन्नु स्वीट्स कार्नर पर बुलाकर दोनों लड़कों के रेलवे के फार्म भरे व उससे 10 लाख ले गया। इसके बाद वर्ष 2019 में सुधीर ने उसको हन्नु स्वीट्स कार्नर पर बुलाया कहा मेडिकल के बाद दोनों बेटों का ज्वाइनिंग लेटर आ जाएगा। वहां पर सुधीर ने मेडिकल के नाम से 5 लाख उससे और ले लिए। बाद में सुधीर आज कल काम होने की बात कहकर टालता रहा। उसने सुधीर के फर्जीवाड़े बारे जानकारी मिलने पर अपने पैसे मांगे तो सुधीर ने पैसे देने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। कृष्ण की शिकायत पर आरोपी सुधीर के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत थाना सेक्टर 13-17 में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि थाना सेक्टर 13-17 पुलिस ने बुधवार देर शाम गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी सुधीर को अंबाला से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने ठगी की उक्त वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी सुधीर को न्यायालय में पेश किया। जहां से 6 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। मून स्टार प्री स्कूल में आयोजित शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।

### मोबाइल से दूर रहें बच्चे: डॉ. विमल

**रादौर।** रादौर के मून स्टार प्री स्कूल में शुक्रवार को हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों का आंखों तथा दांतों का चेकअप किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप में डॉक्टर विमल गर्ग, डॉक्टर राठी व डॉक्टर जसविंदर सैनी व उनकी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने बच्चों को अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण बातें भी बताई। आंखों में आई प्रॉब्लम से बचने के लिए बच्चों को मोबाइल से दूर रहने के लिए सलाह दी। इस तरह के स्वास्थ्य चेकअप से बच्चों की शारीरिक दुर्बलताओं के बारे में पता चलता है।





यमुनानगर। सिटी पैलेस में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते कथा वाचक व उपस्थित श्रद्धालु।

### सत्संग व भक्ति से ही प्रभु को पाया जा सकता

**यमुनानगर।** इस्कॉन द्वारा गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में शहर के सिटी पैलेस में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के संवाद पर चर्चा हुई। कथा में वृंदावन से पधारे ग्रीव दास ब्रह्मचारी ने श्रद्धालुओं पर परवचनों की अमृत वर्षा की। कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण कह रहे हैं कि जो मुझे प्राप्त कर लेता है उसका पुनर्जन्म नहीं होता। वह मेरे परमधाम को प्राप्त होता है। जहां कभी भी जन्म मृत्यु नहीं होती, बुढ़ापा और बीमारी नहीं होती। उन्होंने कहा कि अगर शरीर है तो जन्म भी होगा, मृत्यु भी होगी, बुढ़ापा भी आएगा और बीमारियां भी आएगी। यह हमेशा शरीर के साथ रहती हैं। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंच तत्वों के बने इस भौतिक शरीर में इसके अलावा सूक्ष्म शरीर भी होता है। जो मन बुद्धि और अहंकार से लिपटा होता है। इससे दूर जाने का एकमात्र मार्ग सत्संग और भक्ति ही है। इसी से प्रभु को पाया जा सकता है।

# समाज कल्याण के लिए सदा तत्पर रहे चौ. मित्रसेन आर्यः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- कार्यक्रम में गणमान्य ने चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया उन्हें नमन
- महान विचारक एवं प्रबुद्ध समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर शहर के मॉडल टाउन में आयोजित किया मित्र कार्यक्रम



यमुनानगर। मॉडल-टाऊन में शुक्रवार को समाज सेवी चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते गणमान्य।

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर शुक्रवार को शहर के मॉडल टाऊन में मित्र कार्यक्रम का आ यो ज न किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी एवं श्रीकष्ण मित्र मंडली के संयोजक रुपेश शास्त्री ने भाग लिया। मौके पर मुख्यातिथि एवं गणमान्य ने चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में कांट्रेक्टर मनीष कुमार ने भाग लिया। मुख्यातिथि रुपेष शास्त्री ने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य ने अपने जीवन काल में समाज को नई दिशा दी। उन्होंने सदैव समाज कल्याण के लिए कार्य किए। उन्होंने कहा कि संसार में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो अपने से ज्यादा देश, समाज और लोगों के उत्थान के लिए कार्य करते हैं। ऐसा ही उदहरण परम मित्र कन्या विद्या निकेतन के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य के जीवन चरित्र से मिलता है। उन्होंने अपने जीवन में सदा समाज के कल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने आगे बढ़ने के लिए दूसरों को सदा प्रेरित किया। उनके जीवन चरित्र को जानने और समझने से पता चलता है कि उन्होंने अपने पुरूषार्थ के बल पर अनेक मुकाम हासिल किए और लोगों के लिए प्रेरणा बने। आर्य सच्चे एवं ईमानदार इंसान थे जो समाज के सभी लोगों की भलाई के लिए सोचते थे और कार्य करते थे। वह अपने जीवनकाल में सदा ही लोकभलाई के लिए तत्पर रहे।

### चौ. मित्रसेन समाज और हिंदू समाज की मुख्य धुरी थे

मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांट्रेक्टर मनीष कुमार ने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य समाज और हिंदू समाज की मुख्य धुरी थे। वह धर्म परिवर्तन करके इसाई बनने वाले हिंदूओं को वापस लाने में कामयाब रहे। उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए सदा याद रखा जाएगा। यही नहीं चौ. मित्रसेन आर्य ने शिक्षा क्षेत्र में भी बढ़चढ़ कर कार्य किया। उन्होंने बेसहारा व गरीबों के कल्याण के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महान तपस्वी और स्वच्छ व्यक्तित्व को सदा-सदा याद रखा जाएगा। मौके पर हरिभूमि परिवार की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विक्रांत सिंह, नीशा, विशाल, अमित सैनी, संजय कुमार व जगदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव में एडवोकेट अरुण ढांडा बने प्रधान

# जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्वक हुआ संपन्न

**अरुण ढांडा को मिले 543 मत, कुल मत थे 1594, 1500 मतदाताओं ने दिया अपना मत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। बार एसोसिएशन चुनाव में विजेता बने प्रधान अरुण ढॉडा समेत अन्य को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते उनके समर्थक। फोटो : हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन यमुनानगर के शुक्रवार को हुए चुनाव में एडवोकेट अरुण ढांडा ने 543 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वि रहे विक्रांत सिंह चौहान को 166 मतों से शिकस्त देकर प्रधान पद पर कब्जा जमा लिया है। खास बात यह है कि एसोसिएशन के सभी पदों पर विजयी हुए उम्मीदवार युवा हैं। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए कुल 1594 मतदाता थे। जिनमें से कुल 1500 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजपाल कौशिक ने बताया कि एसोसिएशन के चुनाव में कुल 1594 मतदाता थे। जिनमें से1500 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें सबसे अधिक मत अधिवक्ता अरुण ढांडा को पड़े और उन्होंने 543 मत हासिल कर प्रधान पद पर कब्जा जमा लिया। वहीं दूसरे नंबर पर रहे एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान को 377 मत मिले। जबकि तीसरे उम्मीदवार दिनेश चौहान को 274 मत मिले। वहीं, प्रधान पद के लिए चौथे उम्मीदवार एडवोकेट बलविंद्र सिंह को 258 मत मिले। जबकि पांचवे उम्मीदवार रविंद्र कुमार सोही को कुल 40 मत ही हासिल हुए। इसी तरह महासचिव के पद पर तीन उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रहा। जिसमें अभीषेक बांगर ने 696 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वि रहे विशाल गर्ग को 243 मतों से हराकर महासचिव के पद पर कब्जा जमा लिया। एडवोकेट विशाल गर्ग को 413 मत मिले। जबकि तीसरे उम्मीदवार रहे एडवोकेट अरविंद कुमार अंसल को 380 मत हासिल हुए। वहीं, संयुक्त सचिव के पद पर दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें सानु शर्मा ने 1167 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वि रहे सर्वजीत सिंह गुंबर को 353 मतों से हराकर संयुक्त सचिव का पद जीत लिया। उनके प्रतिद्वंद्वि रहे एडवोकेट सर्वजीत सिंह गुंबर को कुल 314 मत मिले। चुनाव अधिकारी राजपाल कौशिक ने बताया कि उप प्रधान के पद पर पहले ही रविंद्र सिंह संधु व कैशियर के पद पर राकेश कुमार सैनी को निर्विरोध चुना जा चुका है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजपाल कौशिक व सहायक चुनाव अधिकारी गुरजीत सिंह सांगवान ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी।



यमुनानगर। गांव पिपली माजरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विकसित राष्ट्र की शपथ लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- गांव पिपली माजरा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी बहादुरपुर ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खडे. व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पीएम नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत जन संवाद यात्रा की शुरूआत की है। जिसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। मौके पर उन्होंने सभी को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का संकल्प भी करवाया। चौधरी शुक्रवार को गांव पिपली माजरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से लोगों के साथ जन संवाद किया जा रहा है और आम जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है। सभी ने शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। ब्लाक समिति प्रतापनगर चेयरपर्सन प्रतिनिधि विरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार ने किसानों के हित में अनेक फैसले लिए हैं। हरियाणा पहला प्रदेश है जहां पर किसानों को गन्ने का सर्वाधिक 386 रुपये प्रति क्विंटल भाव मिल रहा है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने भावांतर भरपाई योजना के तहत 14 फसलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही परिवार पहचान पत्र प्रदेश की जनता के लिए एक बड़ी सौगात मुख्यमंत्री ने दी है। परिवार पहचान पत्र के तहत सरकार की सारी योजनाओं का लाभ ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से लोगों को मिल रहा है।

# वर्कशॉप में प्राध्यापकों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- महाराजा अग्रसेन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हुई वर्कशाप



यमुनानगर। जगाधरी स्थित महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आयोजित वर्कशाप को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगाधरी में कॉलेज के आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में पुस्तकालय विभाग द्वारा एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने किया। वर्कशॉप में प्राध्यापकों को ई बुक्स और ई जरनल के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि हमारा पुस्तकालया विद्यार्थियों के भविष्य को मद्देनजर रखते हुए प्राध्यापकों को समय-समय उनके नये ऑनलाईन ई जरनल व ई बुक के बारे में अवगत करवाता रहता है। जिसका लाभ प्राध्यापक अपनी रिर्सच एवं अपने आपको अपडेट रखने के लिए करते है। उन्होंने कहा कि हमारे पुस्तकाल्या द्वारा प्रतिवर्ष ई सोथसिंधू कनजोरसियम का पार्ट एन लिस्ट इनफलीबनेट की सदस्यता ली जाती है। जिसके अंदर लगभग छह हजार जरनलस व लगभग दो लाख ई बुक्स उपलब्ध है। इस मौके पर पुस्ताकाल्याधक्ष लखपत सिंह ने प्राध्यापकों को एन लिस्ट पर अपना अकांउट ओपन करने की जानकारी दी। इसके साथ ही ई बुक्स और ई जरनल को कैसे उपयोग में लाया जाता है इसके बारे में विस्तार से समझाया।

# निगम क्षेत्र में कराए 302 करोड़ के विकास कार्य : मेयर

- पांच करोड़ की लागत से बनेगी ऑफिसर कॉलोनी, अप्रूव्ड हुई कॉलोनियों के विकास पर खर्च होंगे 11 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। आयोजित निगम हाउस की बैठक को संबोधित करते मेयर मदन चौहान। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम हाउस की शुक्रवार को हुई साधारण बैठक में मेयर मदन चौहान ने करोड़ों रुपये के विकास कायार्ं की घोषणाएं की। वहीं अपने कार्यकाल के दौरान सभी वाडार्ं में कराए गए करोड़ों रुपये के विकास कायार्ं के बारे में सभी को अवगत कराया। मेयर मदन चौहान ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सभी वाडार्ं में बिना भेदभाव के लगभग 302 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारियों के लिए पांच करोड़ रुपये की लागत से ऑफिसर कॉलोनी बनाई जाएगी। इसके अलावा हाल ही में अप्रूव्ड हुई कॉलोनियों में 11 करोड़ रुपये के विकास कार्य होंगे। 46 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर 17 में ओपन एयर थियेटर भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्य नगर योजना के तहत सात करोड़ की लागत से शहर के मधु चौक से कन्हैया साहिब चौक तक, शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक और जिमखाना क्लब रोड का सुंदरीकरण किया जाएगा। शहर से निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए आठ करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम अपना प्रोसेसिंग प्लांट लगाएगा।

### 150 अवैध कॉलोनियां और होंगी नियमित

बैठक के दौरान 150 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। हालांकि इस दौरान पार्षद निर्मल चौहान, हरमीन कोहली व अन्य ने वाडार्ं की कॉलोनियों की सूची नियमितीकरण के लिए भेजने से पूर्व पार्षदों को जानकारी देने की बात कही। जिसे स्वीकार किया गया। मेयर मदन चौहान व निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रथम फेस में नगर निगम क्षेत्र की 38 कॉलोनियों को नियमितीकरण के लिए भेजा था। जिसमें से 35 नियमित की गई। दूसरे फेस में 32 कॉलोनियों नियमित हुई। तीसरे फेस में 24 कॉलोनियों की सूची भेजी गई थी। जो निदेशालय में विचाराधीन है। चौथे फेस में 12 कॉलोनियों का डाटा तैयार कर लिया गया है। पांचवें फेस में 150 कॉलोनियों का डाटा जीआईएस लैब में भेजा गया है।



यमुनानगर। नाहरपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों को निरीक्षण करते हुए मुख्यातिथि।

## जनसंवाद कार्यक्रम में योजनाओं की दी ग्रामीणों को जानकारी

- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने लिया भाग

**यमुनानगर।** रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव नाहरपुर व तिगरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाई। कांबोज ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है। सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। मौके पर यात्रा के दौरान स्वामित्व योजना के तहत नरेश कोहली, सुदेश कोहली, गोपाल, भुजमिल, यशपाल, सतपाल,नरेश कुमार व गौरव साहनी को रजिस्ट्रियां वितरित की गई।

# नागरिकों को घर बैठे ही मिल रहा योजनाओं का लाभ

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का जगाधरी के गांव भीलपुरा, शाहजहांपुर व पीपली माजरा में ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव भीलपुरा में जनता की समस्याएं सुनते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा। फोटो : हरिभूमि

जिले के जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव भीलपुरा, शाहजहांपुर व पीपली माजरा में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व शिक्षा मंत्री के सुपूत्र एवं जिला भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निशचल चौधरी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यातिथि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा आमजन के हित में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। जिनका जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। योजनाओं के ऑनलाइन होने से अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर जनहित के कायोंर् के लिए तत्पर रहते हैं।

# सफाई कर्मी ने दूसरे दिन भी की पेन डाउन व टूल डाउन की हड़ताल



यमुनानगर। नगर निगम जगाधरी जोन में रोष जुलूष निकालते हुए निगम के सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नगर में निकाला रोष जुलूस
- सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) के आहवान पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने निगम कार्यालय जगाधरी व यमनानगर के कार्यालयों के समक्ष पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल की। इस दौरान नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रोष जुलूस निकाला। शुक्रवार को नगर निगम के सैंकड़ो सफाई कर्मचारी प्रधान विक्की पारचा के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय जगाधरी के गेट के समक्ष एकत्रित हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, यमुनानगर क्षेत्र के निगम के सफाई कर्मचारी प्रधान पपला के नेतृत्व में निगम के यमुनानगर कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारी नेता एवं जगाधरी जोन के प्रधान विक्की पारचा व उप प्रधान श्रीचंद ने कहा कि संघ के प्रतिनिधिमंडल व सरकार के बीच कई बार बातचीत हो चुकी है। मगर सरकार हर बार उनकी मांगे पूरी करने का आश्वासन देकर मुकर जाती है। जिससे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यही वजह है वह मजबूर होकर पिछले दो दिन से हड़ताल कर रहे हैं। उधर, जोन यमुनानगर के निगम के सफाई कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे पपला ने कहा कि सरकार यदि अब भी उनकी मांगे पूरी नहीं करती है तो उसका खामियाजा उसे चुनाव में भुगतना होगा। उन्होंने सरकार से कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने, समान काम समान वेतन दिए जाने , पुरानी पेंशन स्कीम लागू किए जाने, ठेका प्रथा व बेगार प्रथा बंद किए जाने, कौशल रोजगार निगम बंद किए जाने आदि को पूरा किए जाने की मांग की।


**जानकारी**

## नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी

# यूआईडीएआई ने 14 मार्च तक बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेशन की तारीख

- जिला उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत कर दी जानकारी
- ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते जिला उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई ने जनहित में निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि बढ़ाकर 14 मार्च 2024 कर दी है। सभी नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट करवाना जरूरी है। जिला उपायुक्त शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है। ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है। साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 की अवधि के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। छात्र आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70 प्रतिशत, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग के शहर में रहने वाले विद्यार्थी ने मैट्रिक में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। पिछड़ा वर्ग बी के शहरी छात्र या छात्रा के मैट्रिक में 80 एवं ग्रामीण विद्यार्थी के 75 प्रतिशत अंक होने चाहिए तभी वह योजना का पात्र होगा।

## खबर संक्षेप

### ज्योतिसर तीर्थ में श्रीमद् भागवत कथा आज से



**थानेसर।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन अवसर पर श्री गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा आयोजित सप्त दिवस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन ज्योतिसर तीर्थ में दिनांक 16 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने बताया कि कथावाचक एवं संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री सायं 3:00 बजे से 6:00 बजे तक कथा का रसपान करवाएंगे।

### ग्रामीणों ने थामा इनेलो का दामन

**लाडवा।** बन गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को इनेलो में शामिल होने की घोषणा की। इनेलो में शामिल होने का मुख्य कारण ग्रामीणों ने इनेलो पार्टी को 36 बिरादरी की पार्टी बताया और पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी को कद्दावर नेता। शामिल होने में बन निवासी अनिल कुमार, शमेशर सिंह, लखमीरा, राजपाल, मांगे राम, कंवर पाल, रजत लालर, संजीव कुमार, गौरव लालर आदि रहे।

### 9वा मेगा रक्तदान शिविर आज

लाडवा। लाडवा के ज्वालाजी मंदिर में जय ज्वाला जी सेवा मंडल द्वारा 16 दिसंबर शनिवार को 9वा मेगा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। मंडल के महासचिव रोहित सिंगला ने बताया कि यह रक्तदान शिविर उप प्रधान स्व. योगेश शर्मा की स्मृति में लगाया जाएगा जिसमें एलएनजेपी कुरुक्षेत्र की टीम रक्त एकत्रित करेगी। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य जसबीर पंजेटा होंगे।

### पुण्यतिथि पर सरदार पटेल को किया नमन

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों द्वारा लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि 15 दिसम्बर, पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय प्रबंधन के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति, लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत की एकता के शिल्पकार थे।

### शिक्षा के साथ-साथ योगाभ्यास भी आवश्यक

**कुरुक्षेत्र।** जे.एन.विद्याव्रत शिक्षण संस्थान रायसन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा लगाए गए योग एवं जीवन निर्माण शिविर का भव्य समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ भजनोपदेशक महाशय जयपाल एवं प्रचार प्रमुख विशाल आर्य रहे। संस्थान में पहुंचने पर रमेश राणा, लविश चौधरी, मेवा चौधरी, निशा शर्मा, पूजा रानी, मीनाक्षी, सविता, कविता, सीमा, विशाखा राणा आदि ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया।

### ग्लोब हेरिटेज के बच्चों ने किया चिड़ियाघर का भ्रमण

**लाडवा।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने चिड़ियाघर का भ्रमण किया। कोऑर्डिनेटर सुनैना गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल की तरफ से कक्षा 3 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों को पीपली चिड़ियाघर भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं को देखा और उनके बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

### आशा वर्कर 19 को करेगी प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** जिला सचिव कुसुमलता व जिला उपप्रधान मंजीत ने बताया कि विभाग ने उनकी मांगों बारे 18 दिसम्बर तक का समय दिया है अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 19 दिसम्बर को एक जोरदार प्रदर्शन करेगी जिसकी जिम्मेवारी सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी। जिला प्रधान पिंकी व राज्य उपप्रधान रानी देवी ने कहा कि 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के साथ हुए समझौते को लगभग 2 महीने हो गए हैं।

---

स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

# स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना ही आधा इलाज : एमके मौदगिल

**अतिथियों ने चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सुप्रसिद्ध समाजसेवी रहे चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर परिसर में स्टॉल नंबर 749 पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिगनस सुपरस्पैशिलिटी अस्पताल की टीम ने लोगों का ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर जांचा। शिविर में केडीबी के सदस्य एमके मौदगिल बतौर मुख्यातिथि पधारे व अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य व परम गौ भक्त आरडी गोयल ने की। शिविर में डा. परवेज अख्तर की अध्यक्षता में फार्मासिस्ट विशाल, शैलजा, डेंटल असिस्टेंट रिंकी ने 62 लोगों का ब्लड शुगर व 55 लोगों का ब्लड प्रेशर चेक किया।



कुरुक्षेत्र। चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर नमन करते अतिथिगण।



कुरुक्षेत्र। शिविर में ब्लड शुगर की जांच करते चिकित्सक।

इससे पहले केडीबी के सदस्य एमके मौदगिल, स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य आरडी गोयल, समिति के प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रेस के इंचाज रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, जिला प्रधान पुनीत सेतिया ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी रहे चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि केडबी के सदस्य एमके मौदगिल ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना पुण्य का कार्य है। कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना ही आधा इलाज के बराबर होता है। यदि मनुष्य अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं है तो समझो वह बीमारी को बढ़ावा दे रहा है। समिति के संरक्षक एवं लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल से सेवानिवृत सीटीओ नरेश सैनी ने कहा कि पहले के जमाने में जहां मनुष्य को 40 की उम्र के बाद ही बीमारियों की शुरूआत होती थी, वहीं आज बीमार होने की कोई उम्र ही नहीं रही। आज के समय में खान-पान ऐसा हो गया है कि छोटे बच्चे से लेकर वृद्धों तक सभी किसी न किसी बीमारी की दवाई ले रहे हैं। ऐसे में अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहें तो बीमारी का जल्दी पता चल जाता है और बीमारी का यदि समय पर पता चल जाता है तो उसका इलाज संभव हो जाता है। इस अवसर पर सिगनस सुपरस्पैशिलिटी अस्पताल के पीआरओ सुनील व अमृतपाल भी मौजूद रहे।

**चौ. मित्रसैन के पद चिह्नों पर**

*शिविर की अध्यक्षता करते हुए स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य व परम गऊभक्त आरडी गोयल ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य के जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुलों के माध्यम से जिस प्रकार गरीब व असहाय बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया, उसे हरियाणा वासी कदापि भूला नहीं पाएंगे।*

---

# हरियाणा योग आयोग का गीता महोत्सव पर शिविर कल से



कुरुक्षेत्र। हरियाणा योग आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र की अध्यक्षता में योग संस्थाओं की बैठक में भाग लेते प्रतिनिधिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं कर्मठ आयुष मंत्री अनिल विज के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, 2023 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग 17 से 24 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट स्थित मेडिटेशन हॉल में आठ दिवसीय योग व ध्यान साधना शिविर का आयोजन सभी योग संस्थाओं के सहयोग से करेगा। कश्यप राजपूत धर्मशाला में आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिश चंद्र की अध्यक्षता में हुई सभी स्थानीय योग संस्थाओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य व शिविर के संयोजक डॉ मनीष कुकरेजा ने किया। प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक मेडिटेशन हॉल में विभिन्न संस्थाएं योग व ध्यान शिविर का अभ्यास करवायेंगी। 17 दिसंबर को हार्टफुलनेस, 18 को आयुष विभाग व श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, 19 को योग भारती व आरोग्य भारती, 20 को दिव्य योग मंदिर व 21 को आर्ट ऑफ लिविंग, 22 को भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), 23 को पतंजलि योग समिति व महिला पतंजलि योग समिति तथा 24 दिसंबर को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा योग आयोग के बैनर तले योग व ध्यान साधना के कार्यक्रम करवाए जाएंगे। भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता एवं आयोग के अधिकृत प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि बैठक में पतंजलि योग समिति की ओर से पालाराम, भारतीय योग संस्थान की ओर से गुलशन ग्रोवर, गुरुकुल से अरुण, मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से सुमन चौधरी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से राम सैनी सहित कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

---

# गुरु रविदास प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

- सूरजभान कटारिया ने गीता जयंती में गुरु रविदास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य एवं गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रधान संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में गुरु रविदास प्रदर्शनी में समाज की गणमान्य व्यक्तियों के साथ उद्घाटन करके विधिवत शुभारंभ किया। कटारिया के साथ कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य जसवंत पठानिया, डॉ ऋषि ाा ल मथाना, एमके. मुदगिल एवं कैप्टन अमरजीत सिंह, पूर्व सदस्य के.सी. रंगा, जिला बाल संरक्षण कमेटी के सदस्य हरि सिंह ने भी गुरु रविदास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री गुरु रविदास मंदिर सभा एवम धर्मशाला के दवारा आयोजित लगातार तीसरी वर्ष की भव्य प्रदर्शनी मे सूरजभान कटारिया ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन दर्शन एवम शिक्षा को गीता जयंती में प्रचारित करने के उद्देश्य से लगाई गई यह प्रदर्शनी को युवाओ के लिय प्रेरणादायक बताया है उन्होंने कहा है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जैसे महान संतों की वजह से ही भारत आज विश्व गुरु है और हमेशा रहेगा। कटारिया ने इस भव्य प्रदर्शनी के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सहयोगार्थ गुरु रविदास मंदिर एवम धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र की पूरी प्रबंधकीय कमेटी का आभार व्यक्त किया।



कुरुक्षेत्र। सूरजभान कटारिया गीता जयंती में गुरु रविदास प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 10 जनवरी को कुरुक्षेत्र में होगी भूपिंद्र सिंह हुड्डा की विशाल रैली

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि आज प्रदेश में कोने-कोने पर चर्चा है कि हरियाणा से भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार जा रही है और कांग्रेस की सरकार आ रही है। अरोड़ा कांग्रेस भवन में थानेसर हलके के कार्यकताअरं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक को लोकसभा प्रभारी मथुरा दत्त जोशी, जिला प्रभारी संजय महाराज, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा, कुवि के पूर्व कुलसचिव डॉ के सी रहलाण , प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली,पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गोरी, रणवीर सिंह बूरा ने संबोधित किया।

# कृष्ण कुमार गुप्ता के सिर सजा जिला बार एसोसिएशन का ताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कृष्ण कुमार गुप्ता।

- कृष्ण कुमार गुप्ता ने अपन प्रतिद्वंदी धर्मेंद्र अत्री को 388 मतों के अंतर से हराकर प्रधान पद पर कब्जा किया

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रधान पद के कड़े मुकाबले में कृष्ण कुमार गुप्ता ने अपन प्रतिद्वंदी धर्मेंद्र अत्री को 388 मतों के अंतर से हराकर प्रधान पद पर कब्जा किया। चुनाव अधिकारी राजन चावला, सहायक चुनाव अधिकारी सुमेर कैरो, सतपाल सिंह व धर्मेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि प्रधान पद पर कृष्ण कुमार गुप्ता को 879 मत और धर्मेंद्र अत्री को 491 व प्राशीष कंवर को 64 मत प्राप्त हुए। उप प्रधान पद पर अंकित गौतम ने 565 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की। उप प्रधान पद पर राहुल सैनी को 547, जगजीत सिंह बरार को 193 व सिमरन को 144 मत मिले। अंकित गौतम ने 18 मतों के अंतर सें जीत दर्ज की। इसके अलावा सचिव पद पर रविंद सांगवान ने 995 मत लेकर विजय प्राप्त की। रविंद्र सांगवान ने 557 मतों से प्रवीण शर्मा को हराया। प्रवीण शर्मा को 438 मत मिले। सह सचिव पद पर तुषार सैनी ने 853 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की। तुषार सैनी ने विक्रांत कुमार जांगड़ा को 285 मतों के अंतर से हराया। विक्रांत कुमार जांगड़ा को 568 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर शिवम शर्मा पहले ही निविरोध निर्वाचित हो चुके है। महिला एग्जीक्यूटिव मेंबर के पद मंजू ने 890 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। मूंज ने अपनी प्रतिद्वंदी पूनम मल्हाण को 407 मतों के अंतर से हराया। पूनम मल्हाण को 483 मत प्राप्त हुए। जीत के बाद कृष्ण गुप्ता ने कहा कि बार के अधिवक्ताओं को सभी मूलभूत सुविधा दिए जाने का प्रयास किया जाएगा। पार्किंग की व्यवस्था इत्यादि का कार्य करवाया जाएगा।

---

# सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने के लिए क्रेजी हुए बच्चे

- अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के कलाकार पर्यटकों का कर रहे मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सोशल मीडिया के युग में सेल्फी के लिये हमेशा क्रेजी रहने वाले बच्चों और युवाओं सहित हर उम्र के लोगों लिए अच्छी खबर है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर सेल्फी पॉइंट बने हुए है और महोत्सव में आने वाले पर्यटक सेल्फी लेने के अपने शौक को पूरा कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर परिसर में पुरषोतमपुरा बाग स्थित भगवान श्री कृष्ण अर्जुन रथ सबसे बड़ा सेल्फी पॉइंट है, जहां हर समय दर्जनों पर्यटक सेल्फी ले रहे होते है। भगवान श्री कृष्ण के इस रथ के साथ चार घोड़े जुड़े है और श्री कृष्ण रथ पर मौजूद अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाए गए है। इस पूरे स्थल को महाभारत ग्रंथ के दृश्यों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसी पौराणिक दृश्य और पवित्र ग्रंथ गीता से जुड़े होने के कारण पर्यटक सबसे ज्यादा सेल्फी इसी जगह लेते है और अपनी सेल्फी को सोशल मीडिया एकाउंट पर अपलोड कर पोस्ट करते है। सुंदर दृश्य देखकर फॉलोवर भी लाइक व कमैंट्स किये बिना नहीं रह पाते। यही नहीं ब्रह्मसरोवर चारों ओर बने विभिन्न घाट भी सेल्फी पॉइंट है, जहां से दिन में पर्यटक पक्षियों की उड़ानों के साथ व सांध्य काल मे जगमग रोशनी में नहाए ब्रह्मसरोवर पर सेल्फी ले रहे है। सेल्फी लेने के शौकीनों का ध्यान रखने में बहरुपिए भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। बहरुपिए विभिन्न पात्रों के वेश में ब्रह्मसरोवर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाए हुए है । महोत्सव में इन सब के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति को प्रदर्शित करते सपेरा बीन पार्टी, डमरू पार्टी, नगाड़ा पार्टी व बीन बांसुरी पार्टी के कलाकार भी लोगों के सेल्फी के शौक को पूरा करवा रहे है।



कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते सपेरा बीन पार्टी के कलाकार।

### हरियाणा पैवेलियन की रसोई में लगेगा तड़का

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित हरियाणा पैवेलियन में देसी घी का तडका लगेगा और उसके साथ ही हरियाणवी खान-पान पर्यटकों को उपलब्ध रहेगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने दी। डॉ. दीपक राय ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन इस वर्ष पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें हरियाणा हस्तशिल्प के साथ-साथ हरियाणवी खान-पान विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।




कुरुक्षेत्र। रैली में शामिल ट्रस्ट के सदस्य।

### सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने निकाली रैली

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान शुक्रवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने पैदल जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया। इस दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति द्वार बच्चों ने सभी को सिखाया कि हमें सब सबको मिल जुलकर रहना चाहिए। रैली में फरीदाबाद वसुंधरा, पिहोवा, यमुनानगरऔर कुरुक्षेत्र के सज्जनों ने भाग लिया जिसमें रैली का नेतृत्व अनु ललित ने किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने ब्रह्मसरोवर परिसर में पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। रैली में ट्रस्ट के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, अनु ललित जगदीश अरोड़ा भगवान दास अरोड़ा, कांता मुंजाल, अमित अरोड़ा, कुलभूषण गाबा, ज्योति गाबा ने भाग लिया। आओ जागे और जगाएं, सतयुग की ओर कदम बढ़ाए और हम एक ही जोत से उपजे है।

---

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 17 को सेमिनार का करेंगे शुभारंभ

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का उपराष्ट्रपति उत्साह से करेंगे आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का हर्षोल्लास के साथ 17 दिसबंर को आगाज होगा। इस महोत्सव का शुभारंभ उपराष्टद्र्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस महोत्सव की शुरूआत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के गीता सेमिनार के साथ होगी। इस सेमिनार के उपरांत उपराष्टद्र्रपति तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में असम पवेलियन, हरियाणा पवेलियन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति कार्य विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे और फिर महापूजन व महाआरती में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत गीता ज्ञान संस्थानम के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनने वाले हेलिपैड, ऑडिटोरियम हॉल, ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम व हरियाणा पवेलियन, जनसंपर्क विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी, आरती स्थल व गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इन सभी स्थलों पर एचसीएस और एचपीएस स्तर के अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है और इन सभी स्थलों पर डयूटी पर तैनात अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की भी चुक नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी इमानदारी के साथ अपनी डयूटी का निर्वाह करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में मीडिया के लिए स्थल निर्धारित किए गए है। सभी अधिकारियों और मीडिया कर्मियों का प्रवेश प्रशासन द्वारा जारी किए आई कार्ड से ही किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति को आई कार्ड के बिना प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी को सुरक्षा व्यवस्था के नियमों की पालना प्रोटोकॉल के अनुसार करनी होगी। इस दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने होंगे और चप्पे-चप्पे पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का आगाज 17 दिसंबर को हो जाएगा। इस महोत्सव में 17 से 24 दिसंबर तक पुरुषोत्तमपुरा बाग में रोजाना सांयकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करते उपायुक्त शांतनु शर्मा व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया। फोटो : हरिभूमि

### संत सम्मेलन 22 को

इस दौरान 22 दिसंबर को पुरुषोतमपुरा बाग में संत सम्मेलन, 23 दिसंबर को सुबह 10 बजे ज्योतिसर व सन्निहित सरोवर पर श्रीमद भगवद गीता का संपूर्ण पाठ, गीता यज्ञ, सुबह 11 बजे पुरुषोत्तमपुरा बाग में हरियाणा व असम पवेलियन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 12 बजे थीम पार्क में 18 हजार बच्चों का गीता वैश्विक पाठ, दोपहर 2 बजे गीता शोभायात्रा, सायं 5 बजे ब्रह्मसरोवर पर दीपोत्सव, सायं 6 बजे गीता महाआरती व दीपदान व सायं 6.30 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके अलावा 17 से 24 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं की प्रदर्शनी, पुरुषोतमपुरा बाग में जनसंपर्क विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी, हरियाणा ग्रंथ अकादमी के सौजन्य से गीता पुस्तक मेला, ज्योतिसर में श्रीमदभगवद गीता का संपूर्ण पाठ, भजन संध्या एवं महाआरती, हरियाणा व असम पवेलियन में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सायं 6 बजे रोजाना पुरुषोतमपुरा बाग में सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम होगा।

### उप-राष्ट्रपति के आगमन पर चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में 17 दिसम्बर को वसुधैव कुटुंबकमः श्रीमदभगवद् गीता और वैश्विक एकता विषय पर आयोजित होने वाले 8वें अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर भारत के महामहिम उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन को लेकर कुवि प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा तैयारियां जोरों पर है। इस सेमिनार में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशार्नुसार गठित सुरक्षा कमेटी द्वारा सुरक्षा संबंधी तैयारियां की जा रही है। कुवि के मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता ने बताया कि सभी संगोष्ठी के प्रतिभागियों, आमंत्रित मेहमानों को पास दिए जाएंगे। इन पास के द्वारा ही यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम हॉल में प्रवेश मान्य होगा। उन्होंने बताया कि कुवि कैम्पस में दो पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जो यूनिवर्सिटी कॉलेज मैदान और कॉमर्स विभाग के सामने चिन्हित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में डिजिटल मेले का आयोजन

**बराड़ा।** गांव अधोया में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में एक विशाल डिजिटल मेले आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य राजेश पाराशर तथा प्रबंधन समिति प्रधान सुमन देवी द्वारा किया गया। स्कूल के कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर ने बच्चों को ई- पोर्टल ,ई-अधिगम, अवसर, समीक्षा, दीक्षा सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों तथा ई- पोर्टल की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर 17 को

**नारायणगढ़।** श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत रविवार 17 दिसंबर को स्थानीय बजरंग भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में नेत्र जांच कराने वाले रोगियों को चश्मों के नंबर व दवाईयां भी निशुल्क दी जाएंगी। श्री सनातन धर्म महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि यहां मरीजों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

### सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**नारायणगढ़।** जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए चाहे वह किसान हो, मजदूर, महिलाएं हों, व्यापारी हो, कामगार हो के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करके उन्हें धरातल पर लागू किया है। अब ऐसा कोई भी वर्ग नहीं है जो किसी न किसी योजना से लाभान्वित न हो रहा हो। राणा गांव अंबली व बेरखेडी में विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दृष्टिगत कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी।

### प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौलः मयंक पटेल

**उचाना।** शहर की लाला भगतराम प्यारेलाल घोघड़िया धर्मशाला में कांग्रेस संगठन को लेकर मीटिंग हुई। जिला इंचार्ज मयंक पटेल, हलका इंचार्ज सुभाष ने हिस्सा लिया। पटेल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को हलके को चार बूथ, सेक्टर, मंडल, ब्लॉक में बांटा है। अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ने के साथ केंद्र, सरकार की जनविरोधी नीतियों बारे जन-जन को अवगत करवाना भी मीटिंग का उद्देश्य है।

### एडवोकेट जगतार वाइस प्रेजिडेंट होंगे

# जिला बार एसोसिएशन में एडवोकेट जब्बर के सिर सजा जीत का सेहरा

### प्रेजिडेंट पद के लिए एकतरफा मुकाबले में एडवोकेट जब्बर ने दी एकतरफा शिकस्त, एडवोकेट रिपनजीत बने सचिव

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

जिला बार एसोसिएशन के नए प्रेजिडेंट एडवोकेट जब्बर चौधरी होंगे। उन्होंने एडवोकेट संदीप चौहान को शिकस्त देकर जीत हासिल की है। प्रेजिडेंट पद के लिए दूसरे उम्मीदवार एडवोकेट सुनील जैन व एडवोकेट रितु सिंह मान बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए।

वाइस प्रेजिडेंट के लिए एडवोकेट जगतार सिंह निर्वाचित हुए हैं जबकि सचिव पद पर एडवोकेट रिपनजीत सिंह सोनी को जीत मिली। उधर प्रेजिडेंट बनने के बाद एडवोकेट जब्बर चौधरी के समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। फूलमालाएं डालकर सहयोगी वकीलों ने विजेता उम्मीदवारों का अभिनंदन किया।

#### 264 वोट से मिली जीत

प्रेजिडेंट पद के लिए इस बार शुरू से एडवोकेट जब्बर चौधरी व एडवोकेट संदीप चौहान में टक्कर होने की बात कही जा रही थी। एडवोकेट सुनील जैन व एडवोकेट रितु सिंह मान भी प्रेजिडेंट का चुनाव लड़ रहे थे। शाम को आए रिजल्ट में एडवोकेट जब्बर चौधरी को विजेता घोषित किया गया।

उन्हें 662 वोट मिले जबकि एडवोकेट संदीप चौहान को 398 वोट पर संतोष करना पड़ा। एडवोकेट सुनील जैन को 64 व एडवोकेट रितु सिंह मान को 12 वोट पर ही संतोष करना पड़ा। वाइस प्रेजिडेंट के पद पर एडवोकेट जगतार सिंह की ताजपोशी हुई है। उन्हें 589 वोट मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे एडवोकेट अरविंद गौड़ को 292 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे एडवोकेट चेतन सिंघाल को 249 वोट पर संतोष करना पड़ा। सचिव पद पर इस बार दो ही उम्मीदवार थे। इसी वजह से दोनों में कड़ी टक्कर हुई। एडवोकेट रिपनजीत सिंह सोनी 697 वोट लेकर विजेता बने।

एडवोकेट हर्ष साहनी को 437 वोट पर संतोष करना पड़ा। जॉइंट सेक्रेटरी पद के लिए इस बार 6 उम्मीदवार मैदान में थे । एडवोकेट आशीष शर्मा 408 वोट हासिल कर विजेता बने। दूसरे स्थान पर एडवोकेट नितिन अग्निहोत्री रहे। उन्हें 251 वोट मिले जबकि तीसरे स्थान पर रहे साहिल अलाहाबादी को 164 वोट मिले। चौथे स्थान पर रहे आदित्य कपूर को 151 वोट मिले। एडवोकेट मोहिंद्र व अशोक पांचवें व छठे स्थान पर रहे। महिंद्र को 93 व अशोक को 56 वोट हासिल हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए पहले ही एडवोकेट रोहिन सेठी निर्वाचित हो चुके हैं। किसी अन्य वकील ने उनके सामने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था।

सहमति से कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर एडवोकेट मोनिका समरा, कार्तिक अरोड़ा, पुनीत कुमार गुप्ता व संदीप सिंह बराड़ की ताजपोशी हो गई है।


अंबाला। प्रेजिडेंट बनने के बाद एडवोकेट जब्बर चौधरी के समर्थक जश्न मनाते।

#### सुबह से कोर्ट कांप्लेक्स में रही हलचल

मतदान को लेकर सुबह से कोर्ट कांप्लेक्स में हलचल दिख रही थी। बार एसोसिएशन की ओर से चुनाव के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। सुबह नौ बजे से वोटिंग हुई। शाम चार तक मतदान का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। इस बार एडवोकेट जब्बर चौधरी व संदीप चौहान में कड़ा मुकाबला होने की बात कही जा रही थी। मगर एडवोकेट जब्बर चौधरी एकतरफा मुकाबले में प्रतिद्वंदी को शिकस्त देने में कामयाब रहे।


अंबाला। खेलकूद स्पर्धा में मेडल जीतने वाली टीम।

## डीएवी खेल कलस्टर प्रतियोगिता में मुरलीधर डीएवी के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

डीएवी खेल क्लस्टर स्तर टूर्नामेंट पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल मे आयोजित किए गए। मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे अनेक पदक प्राप्त किए।

वुशु खेल प्रतियोगिता में (अंडर 14 ) में करण, रोबिन व वेदांत ने सिल्वर पदक प्राप्त किए। ताइक्वांडों मे (अंडर 14) में हरजस, हरजोत, चिराग, आदित्य, शुभम ने गोल्ड पदक प्राप्त किए। जानवी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कराटे प्रतियोगिता मे (अंडर 14) मे रिदम, रमनप्रीत ने रजत, दीदार, निहारिका ने सिल्वर पदक प्राप्त किए। बॉक्सिंग में (अंडर 14) मे पीहू ने सिल्वर व हंसकित व भव्य ने सिल्वर पदक प्राप्त किए। एथलेटिक्स (अंडर 17) मे गर्व ने गोल्ड व लक्ष्य ने सिल्वर पदक प्राप्त किए। तैराकी में (अंडर 14) गर्ल्स मे तीन गोल्ड व तीन गोल्ड (छात्र) (अंडर 17) मे प्राप्त किए। क्रिकेट टीम (अंडर 19) में विजेता रही जबकि बास्केटबाल में भी स्कूल की टीम को विजेता घोषित किया गया। फुटबॉल व वॉलीबाल में स्कूल की टीम को दूसरा स्थान मिला। योग में (अंडर 14) छात्र में तृतीय व (गर्ल्स में) चतुर्थ स्थान पर रहे। विद्यालय के खेल सीनियर स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुरेश कौल, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अनमोल व खेल अध्यापिका अलका सैनी, भाविका व लवदीप के मार्गदर्शन मे छात्रों ने अभ्यास किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने सभी विजेता छात्राओं व अध्यापकों को बधाई दी व छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ये सभी छात्र अपने खेलों मे रुझान रखते हुए निरंतर अभ्यास करते हुए उंची उड़ान भरे।

## पेशाब करने से मना किया तो चार युवकों ने किया हमला

- हमले में इनकम टैक्स विभाग का कर्मचारी व भतीजा जख्मी, पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पार्क की दीवार के पास पेशाब करने से मना करने पर चार हमलावरों ने इनकम टैक्स विभाग के कर्मचारी पर हमला कर दिया। हमले में कर्मचारी के साथ उसके भतीजे को भी चोट आई हैं। दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बलदेव नगर के पास गांधी पार्क की है। बलदेव नगर थाना पुलिस ने पीड़ति के बयान दर्ज करने के बाद हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बलदेव नगर के प्रवीण सूदन ने बताया कि वह इनकम टैक्स विभाग नौकरी करता है। बीते रोज रात साढ़े 8 बजे अपने घर के पास गांधी नगर पार्क में घूम रहा था। उसने देखा कि पार्क से बाहर शिवम अरोड़ा, मनिंदर सिंह उर्फ लाडी, प्रभजोत सिंह उर्फ शूटर व गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी पेशाब कर रहे थे।प्रवीण ने बताया कि उसने चारों लड़कों को सिर्फ यही बोला था कि यहां पेशाब मत करो। यहां बच्चे व औरतें भी घूमने के लिए आती हैं। यह बात सुनते ही मनिंदर सिंह उर्फ गोल्डी ने उसकी आंख पर पंच मारा। वह चक्कर खाकर नीचे गिर गया। हमलावरों ने पास पड़ी ईंट उठाकर मारी। उसे लात व घूंसे मारते रहे। वह बड़ी मुश्किल से छुटकर भागा।शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सुभाष प्लास्टिक फैक्ट्री के नजदीक पहुंचा, यहां गली में उसे भतीजा दीपक उर्फ सन्नी मिला। वह आपने भतीजे को घटनाक्रम के बारे में बता ही रहा था। इसी बीच चारों हमलावार आ गए और लोहे का सरिया, डंडे-बिंडों से हमला कर दिया।

### गंदगी मुक्त अपना शहर नपा ने चलाया अभियान

**उचाना।** गंदगी मुक्त अपना शहर अभियान के तहत नपा द्वारा शहर में कई जगहों पर लगे गंदगी के ढेर जेसीबी मशीन की सहायत से हटाए गए। सफाई दरोगी जयपाल की अगुवाई में ये अभियान चलाया गया। जयपाल ने बताया कि नपा की पुरानी बिल्डिंग, रजबाहा रोड पर एसडीएफसी बैंक के आस-पास के अलावा लाइन पार जो सड़क है वहां पर सड़क किनारे कूड़ा-कर्कट के ढेर लगे हुए थे। नपा की पुरानी बिल्डिंग में जो कूड़ा-कर्कट के ढेर थे उनको लेकर कई बार यहां स्थिति कालोनी के लोगों द्वारा मांग की जा रही थी यहां से कूड़ा-कर्कट के जो ढेर है उन्हें हटाया जाए। उन्होंने बताया अब नपा शहर में गंदगी मुक्त अपना शहर अभियान शुरू किए हुए है। उन जगहों पर अभियान के तहत कूड़ा-कर्कट उठाया जा रहा है जहां गंदगी के ढेर लगे हुए है। सभी को चाहिए कि वो नपा के इस अभियान में सहयोग करते हुए कूड़ा-कर्कट को गली, सड़क पर न फैंके। सभी के सहयोग से अपने शहर को साफ सुथरा रखे।

## 2014 से पीएम देश की व्यवस्था परिवर्तन में लगे

- कलेरां व मालवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद यात्रा शुक्रवार को गांव कलेरां व मालवा पहुंची। यहां पर ग्रामवासियों द्वारा जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरुण भान ने उपस्थित सभी नागरिकों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। भान ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तथा प्रदेश में मुख्यममंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही सरकार लगातार व्यवस्था परिवर्तन में लगी हुई है। पिछले 9 वर्ष में हुए इस बदलाव को विकास की यात्रा के तौर पर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय ग्रामीण विकास के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय बनाया गया था तथा गांवों में शहरों व दूसरे गांवों से जोडन्ने के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना शुरू की गई थी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवल योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अरुण भान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे है।

जिसमे सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ही इस यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा के जरिए सरकार व प्रशासन लोगों के घर द्वार पर आकर उनको योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम कर रहे है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जसपाल सिंह, साहब सिंह मोहड़ी, केहर सिंह, सरपंच दलजीत सिंह, सरपंच प्रवीन कुमार, काका सिंह, शिव कुमार धन्यौड़ा, लाभ सिंह, प्रिंसिपल मीनू वर्मा समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।


अंबाला। कार्यक्रम में एक महिला की गोदभराई की रस्म अदा करते हुए पार्टी पदाधिकारी।

## नप सफाईकर्मियों की नारेबाजी

- शहर से नही हुआ कचरे का उठान, बढ़ी आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी सफाईकर्मियों ने नप में धरना दे हड़ताल को जारी रखा। हड़ताल के चलते शहर से कचरे का उठान नही हुआ। जिससे जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। सड़कों किनारे भी कचरा एकत्रित होने से आमजन को परेशानी हुई। सफाईकर्मियों ने साफ काह कि उन्हें आश्वासन नही चाहिए। अगर मांगों को पूरा नही किया तो अनिश्चितकालीन हडताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिला प्रधान विजेंद्र कांगड़ा ने कहा कि सफाई कर्मचारी रेग्यूलाइजेशन की नीति बनाई जाने, सभी प्रकार के ठेकों एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किए जाने, गुरुग्राम के 3480 छंटनीग्रस्त सफाई कर्मचारियों सहित पालिकाओं, परिषदों, निगमों एवं अग्निशमन के लगभग पांच हजार कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिए जाने, पुरानी पेंशन नीति बहाल किए जाने, 29 अक्टूबर 2022 , 5 अप्रैल 2023 के समझौतो को लागू किए जाने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतिया ठीक करने व आरक्षित श्रेणियों का बैकलॉग पूरा किए जाने, अग्निशमन विभाग के 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों, फायर ऑपरेटर कम ड्राइवर के पदों पर समायोजित कर पक्का किए जाने मांग उठाई।


जींद। नगर परिषद में धरना देते नगर परिषद सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## 17 दिसंबर को अंबाला आएंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

- एयरफोर्स स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 17 दिसंबर को अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पर आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. शालीन ने एयरफोर्स, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेकर कानून व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से जिम्मेवारी तय की है।

उपायुक्त ने बताया कि 17 दिसंबर को उप राष्ट्रपति दिल्ली से हवाई मार्ग से अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से वे हवाई मार्ग से कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि उनके एयरफोर्स स्टेशन में आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था व अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के लिए ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा की दृष्टि को लेकर धारा 144 के आदेश भी जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से रात्रि 9 बजे तक पूरे जिले को नो फ्लाइंग जोन एरिया घोषित किया गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार के ड्रोन इत्यादि को उड़ाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

## कांग्रेसी नेता के ऑफिस पर चला पीला पंजा

- शहर से नही हुआ कचरे का उठान, बढ़ी आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में सद्दोपुर के पास नगर निगम की टीम ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुखविंदर जैलदार के ऑफिस को ढहा दिया। कार्रवाई से पहले जैलदार की निगम अधिकारियों से जमकर बहस हुई। उसकी ओर से निगम अधिकारियों पर कई तरह के आरोप भी लगाए। कार्रवाई से पहले जैलदार सहयोगियों के साथ जेसीबी के आगे खड़ा हो गया। तब पुलिस को हस्तक्षेप करन उसे मौके से हटाना पड़ा। इससे पहले निगम की जमीन पर गैरकानूनी तरीके से बनाए गए ऑफिस को तोड़ने के लिए कार्रवाई टीम मौके पर पहुंची थी। एक्सईएन एलसी चौहान इस टीम की अगुवाई कर रहे थे। यहां पहुंचते ही कांग्रेसी नेता सुखविंद्र जैलदार कुछ सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गया। उसने कार्रवाई करने आई टीम से नोटिस की कापी मांगी। यही नहीं जैलदार व आसपास अन्य जगह अतिक्रमण पर कार्रवाई न करने का भी सवाल उठाए। काफी देर तक विरोध होने के बाद अधिकारी हरकत में हरकत में आ गए। इसके बाद पुलिस के सहयोग से अधिकारियों ने अवैध निर्माण तोड़ने के आदेश दे दिए। जैलदार ने कहा कि जमीन उनके पिता के नाम पर है, जबकि नोटिस उन्हें भेजे गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पता चलता है कि निगम दबाव में कार्रवाई करने पहुंची है।


अंबाला। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट से उलझते कांग्रेसी नेता व निगम की टीम द्वारा की गई तोड़फोड़ का दृश्य। हरिभूमि न्यूज

## दो दिन बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**नारायणगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ निर्मल सिंह ने सबडिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया है सब डिवीजन के 11 केवी नारायणगढ़, 11 केवी दुर्गा कॉलोनी और 11 केवी मंडी फीडर की बिजली सप्लाई 16 व 17 दिसंबर 2023 को प्रातः 10.00 बजे से लेकर सायं 4.00 बजे तक जरूरी पुरानी तारें बदली जाने के कारण बंद रहेगी । इससे मुख्य बाजार नारायणगढ़, सरगोधा कॉलोनी, नवीन कॉलोनी, बस अड्डा से लेकर कॉलेज रोड, नाहन रोड, हरिजन बस्ती, वाल्मीकि बस्ती आदि की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

### राजयोग केंद्र दयालबाग में मनाया गया ब्रह्मा बाबा का जन्मदिवस

# ब्रह्मा बाबा का जीवन अद्भुत रहस्यों से सुसज्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयाल बाग स्थित राजयोग केंद्र की उप संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक दादा लेखराज उर्फ ब्रह्मा बाबा का जीवन अदभुत रहस्यों से सुसज्जित रहा है। उन पर एक ऐसी पुस्तक प्रकाशित है,जिसे दुनिया सबसे बडी पुस्तक होने का सौभाग्य प्राप्त है। 28 फीट लंबी और 18 फीट चौडी आकार की दुनिया की इस सबसे बड़ी पुस्तक में प्रजापिता ब्रहमा के 75 वर्षों के रूहानी एवं लौकिक जीवन रहस्यों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस पुस्तक को एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने विश्व की सबसे बडी पुस्तक घोषित किया हुआ है। यहां केंद्र में शुक्रवार को ब्रह्मा बाबा के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीके आशा दीदी ने बताया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का जन्म सन्‌ 1876 में सिंध प्रांत (अब पाकिस्तान में ) के एक कुलीन परिवार में हुआ था। बचपन में ही इनकी माता का देहांत हो गया। उन्हें किसी भी मनुष्यात्मा का संकट सहन नहीं होता था, हर स्थिति में उस व्यक्ति की मदद करना इनके व्यक्तित्व में शुमार था। जब ईश्वर की अराधना करने बैठते तो सर्व प्रथम पूरे विश्व की मनुष्यात्माओं के दुःख दर्द मिटाने के लिए प्रार्थना करते थे। लेखराज बचपन से ही बड़े ओजस्वी, तेजस्वी, दयालु प्रकृति और इतने सौम्य एवं असाधारण थे कि इन्हें लोग प्यार से 'दादा' कहते थे। उन्होंने कहा कि 'दादा' बड़े होकर हीरे-जवाहरात के व्यापार में लग गए। देखते ही देखते इनके व्यापार की ख्याति भारत सहित आस-पास के कई देशों में फैल गई। इनका व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि जो कोई भी एक बार मिलता तो उन्हीं का हो जाता। कई राजा-महाराजा तो यहां तक कहते कि लेखराज राजा तो आपको होना चाहिए परंतु 'दादा' सदैव मानवीय सेवाओं की बात करते थे। कई बार इन्हें मनुष्यात्माओं की पीड़ा परेशान करती थी। दादा' लेखराज के जीवन में 60 वर्ष की उम्र में एक महान परिवर्तन आया। दैवी प्रेरणा से उन्हें हीरे-जवाहरात का व्यापार कौड़ियों तुल्य लगने लगा। इन्होंने अपनी संपत्ति बेचकर एक ट्रस्ट की स्थापना की तथा माताओं-बहनों को आगे रख इस कारवां का शुभारंभ किया। उन्होंने 1937 में हैदराबाद सिंध में ब्रह्माकुमारी संगठन की स्थापना की। अपना मुख्यालय राजस्थान के माउंट आबू में 1953 में स्थानांतरित कर दिया। यह संगठन व्यक्तिगत परिवर्तन और विश्व नवीनीकरण के लिए समर्पित एक विश्वव्यापी आध्यात्मिक आंदोलन के रूप में उभरा।


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बहनों को संबोधित करती बीके आशा दीदी।